मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3511

10.08.2026 को उत्तर के लिए

एक पेड़ माँ के नाम अभियान

3511 **श्री चिन्तामणि महाराजः**
श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः
श्री लुम्बाराम चौधरीः
श्री विद्युत बरन महतोः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
श्री दामोदर अग्रवालः
श्री भर्तृहरि महताबः
श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरीः
श्री बलभद्र माझीः
श्री रमेश अवस्थीः
श्री दिनेशभाई मकवाणः
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवाः
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः
श्री अनुराग शर्माः
श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः
श्री सतीश कुमार गौतमः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री विनोद लखमशी चावड़ाः
श्री शिवमंगल सिंह तोमरः
श्री कंवर सिंह तंवरः
श्री मनीष जायसवालः
श्री राहुल सिंह लोधीः
डॉ. राजेश मिश्राः
श्री जनार्दन मिश्राः
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः
श्री प्रवीण पटेलः

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के कार्यन्वयन, उपलब्धियों और इसके पर्यावरण पर पड़े प्रभाव की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) लगाए गए पौधों की संख्या कितनी है और उनके बचे रहने की दर क्या है तथा विशेष रूप से राजस्थान, सरगुजा जिला, छत्तीसगढ़ नबरंगपुर और सीधी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और ब्लॉक-वार हासिल की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है और जनजातीय समुदायों, ग्राम पंचायतों, स्कूलों, स्व-सहायता समूहों तथा अन्य संस्थानों की भागीदारी की जानकारी का ब्यौरा क्या है;

(ग) पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों, स्कूलों और कॉपोरेट संस्थाओं को शामिल करते हुए जनभागीदारी और संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देने के लिए क्या विशेष उपाय किए गए हैं;

(घ) इस अभियान के तहत पौधरोपण की प्रभावशीलता और निरंतर पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जियो-टैगिंग, डिजिटल निगरानी, पौधों के बचे रहने के आकलन, दीर्घकालिक सुरक्षा और रखरखाव के लिए स्थापित विशेष व्यवस्था का ब्यौरा क्या है;

(ङ) हरित आवरण बढ़ाने, भूमि कटाव को रोकने, जैव विविधता के संरक्षण और देश की जलवायु संबंधी प्रतिबद्धताओं को हासिल करने में इस अभियान के योगदान का ब्यौरा क्या है?

(च) क्या कच्छ जैसे शुष्क और मरुस्थलीय क्षेत्रों में देशी प्रजातियों के संवर्धन और जल संरक्षण को बढ़ावा देने केलिए कोई विशेष कार्य-योजना अथवा वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ङ) विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 5 जून 2024 को शुरू किया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पूरे देश में हरियाली बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण को एक जन-आंदोलन के रूप में बढ़ावा देता है। यह अभियान केंद्र और राज्य सरकारों, शिक्षण संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, गैर-सरकारी संगठनों, पर्यावरण समूहों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी के साथ 'संपूर्ण सरकार' और 'संपूर्ण समाज' के दृष्टिकोण से कार्यान्वित किया जा रहा है। वृक्षारोपण और अनुरक्षण का कार्य मुख्य रूप से राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। वर्ष 2026-27 के दौरान (दिनांक 05.08.2026 तक) लगाए गए पौधों का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-क** में दिया गया है।

मध्य प्रदेश के राज्य वन विभाग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, इस अभियान के तहत सिद्धि लोकसभा क्षेत्र में 9,16,563 पौधे रोपित किए गए हैं। राज्य वन विभागों द्वारा 'मेरी लाइफ' पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026-27 के दौरान छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में 29,773 पौधे और ओडिशा के नबरंगपुर जिले में 7,28,062 पौधे लगाए गए हैं। राजस्थान में लगाए गए पौधों का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-ख** में दिया गया है। पौधों की उत्तरजीविता दर, ब्लॉक-वार वृक्षारोपण का विवरण और आदिवासी समुदायों, स्कूलों तथा अन्य संस्थानों की भागीदारी से जुड़ी सूचना का अनुरक्षण संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन द्वारा किया जाता है और केंद्रीय स्तर पर इसका अनुरक्षण नहीं किया जाता है।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत किए गए वृक्षारोपण की सूचना 'मेरी लाइफ' पोर्टल पर अपलोड की जाती है। राज्य वन विभागों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विभिन्न स्थलों पर किए गए वृक्षारोपण की जियो-टैगिंग निगरानी और मौजूदा नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार उत्तरजीवता का आकलन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किया जाता है।

यह अभियान पेड़ लगाने और उनके संरक्षण में समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देता है, जिससे अवनत भूमि को ठीक करने, हरियाली बढ़ाने, स्थानीय पर्यावरणीय परिस्थिति में सुधार करने और पेड़ों की संख्या बढ़ाकर जैव विविधता को मज़बूत करने में मदद मिलती है। यह पर्यावरण के प्रति जागरूकता और नागरिकों की भागीदारी में भी योगदान देता है, जिससे भारत की जलवायु संबंधी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

(च) गुजरात के राज्य वन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार, (गुजरात में पारिस्थितिकी तंत्र बहाली (पीईआरजी परियोजना) के लिए) जेआईसीए की सहायता से संचालित परियोजना तहत कच्छ क्षेत्र से सटे वाव-थराद क्षेत्र में देशज प्रजाति के पेड़ लगाने और मिट्टी व नमी के संरक्षण के उपायों को करने के लिए परियोजना प्रबंधन कार्य योजना तैयार की गई है। इसके अलावा, राज्य वन विभाग कच्छ क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यकलापों के भाग के रूप में देशज प्रजातियों के वृक्षारोपण और मिट्टी, नमी व जल संरक्षण के उपाय लागू करता है।

****

अनुलग्नक-क

“एक पेड़ माँ के नाम अभियान” के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए माननीय संसद सदस्य 'श्री चिन्तामणि महाराज, श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी, श्री लुम्बाराम चौधरी, श्री विद्युत बरन महतो, श्रीमती कमलेश जांगड़े, श्री दामोदर अग्रवाल, श्री भर्तृहरि महताब, श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी, श्री बलभद्र माझी, श्री रमेश अवस्थी, श्री दिनेशभाई मकवाण, श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा, श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, श्री अनुराग शर्मा, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री सतीश कुमार गौतम, श्री दिलीप शइकीया, श्री विनोद लखमशी चावड़ा, श्री शिवमंगल सिंह तोमर, श्री कंवर सिंह तंवर, श्री मनीष जायसवाल, श्री राहुल सिंह लोधी, डॉ. राजेश मिश्रा, श्री जनार्दन मिश्रा, श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी, श्री प्रवीण पटेल' द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3511 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-क

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वर्ष 2026-27 में लगाए गए पौधों की संख्या का राज्यवार विवरण

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**दिनांक 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार वर्ष 2026-27 के लगाए गए पौधे (मेरी लाइफ पोर्टल)**
1	अंडमान और निकोबार (एएन)	339835
2	आंध्र प्रदेश (एपी)	1292951
3	अरुणाचल प्रदेश (एआर)	256167
4	असम (एएस)	24540
5	बिहार (बीआर)	540718
6	चंडीगढ़ (सीएच)	79785
7	छत्तीसगढ़ (सीजी)	8012661
8	दादरा और नगर हवेली	78453
9	दिल्ली (डीएल)	6041710
10	गोवा (जीए)	86922
11	गुजरात (जीजे)	27693947
12	हरियाणा (एचआर)	59200
13	हिमाचल प्रदेश (एचपी)	19941
14	जम्मू और कश्मीर (जेके)	61134
15	झारखंड (जेएच)	4103625
16	कर्नाटक (केए)	70940
17	केरल (केएल)	7902
18	लद्दाख	157
19	लक्षद्वीप (एलडी)	1111
20	मध्य प्रदेश (एमपी)	28775647
21	महाराष्ट्र (एमएच)	26327
22	मणिपुर (एमएन)	1695620
23	मेघालय (एमएल)	306989

24	मिजोरम (एमजेड)	181929
25	नागालैंड (एनएल)	207851
26	ओडिशा (ओडी)	18096227
27	पुडुचेरी (पीबाई)	1735
28	पंजाब (पीबी)	473377
29	राजस्थान (आरजे)	32775868
30	सिक्किम (एसके)	146214
31	तमिलनाडु (टीएन)	13369
32	तेलंगाना	2360819
33	त्रिपुरा (टीआर)	1402176
34	उत्तर प्रदेश (यूपी)	248386023
35	उत्तराखंड (यूके)	2811122
36	पश्चिम बंगाल (डब्लयूबी)	21592
	कुल	**386454584**

*****

अनुलग्नक-ख

“एक पेड़ माँ के नाम अभियान” के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए माननीय संसद सदस्य 'श्री चिन्तामणि महाराज, श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी, श्री लुम्बाराम चौधरी, श्री विद्युत बरन महतो, श्रीमती कमलेश जांगड़े, श्री दामोदर अग्रवाल, श्री भर्तृहरि महताब, श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी, श्री बलभद्र माझी, श्री रमेश अवस्थी, श्री दिनेशभाई मकवाणा, श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा, श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, श्री अनुराग शर्मा, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, श्री सतीश कुमार गौतम, श्री दिलीप शइकीया, श्री विनोद लखमशी चावड़ा, श्री शिवमंगल सिंह तोमर, श्री कंवर सिंह तंवर, श्री मनीष जायसवाल, श्री राहुल सिंह लोधी, डॉ. राजेश मिश्रा, श्री जनार्दन मिश्रा, श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी, श्री प्रवीण पटेल' द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3511 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-ख।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत राजस्थान में वर्ष 2026-27 में लगाए गए पौधों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा

क्र. सं.	**ज़िला**	**दिनांक 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार वर्ष 2026-27 के लगाए गए पौधे (मेरी लाइफ पोर्टल)**
1	अजमेर	1059562
2	अलवर	1717598
3	बालोतरा	135452
4	बांसवाड़ा	1027106
5	बारां	444138
6	बाड़मेर	1235365
7	ब्यावर	341282
8	भरतपुर	425564
9	भीलवाड़ा	1695661
10	बीकानेर	1102644
11	बूंदी	751293
12	चित्तौड़गढ़	742711
13	चुरू	1030885
14	दौसा	780116
15	डीग	466278
16	धौलपुर	396243
17	डीडवाना-कुचामन	761563
18	डुंगापुर	988125
19	गंगानगर	259514
20	हनुमानगढ़	337274
21	जयपुर	1740121
22	जैसलमेर	1048124
23	जालौर	159810

24	झालावाड़	815958
25	झुंझुनू	935206
26	जोधपुर	548695
27	करौली	281065
28	खैरथल-तिजारा	341423
29	कोटा	674087
30	कोटपुतली-बहरोड़	279345
31	नागौर	992519
32	पाली	577679
33	फलौदी	822182
34	प्रतापगढ़	907130
35	राजसमंद	1249000
36	सलूम्बर	461964
37	सवाई माधोपुर	1184965
38	सीकर	1202981
39	सिरोही	836750
40	टोंक	476390
41	उदयपुर	1542700
	कुल	**32776468**

****